वैक्सीन (टीका) वितरण: चरण 1A और 1B

1/6/2021 को अपडेट किया गया

COVID-19 वैक्सीन (टीका) इस वैश्विक-महामारी को सुरक्षित ढंग से पार करने का एक अत्यंत महत्वपूर्ण साधन है। इस वैक्सीन के कुशल और प्रभावी वितरण के माध्यम से, हम वायरस के प्रसार को दबा सकते हैं, अधिकतम संभव जानें बचा सकते हैं, और हमारी अर्थव्यवस्था को दोबारा खड़ा कर सकते हैं। इलिनॉय केवल ऐसी वैक्सीन ही वितरित करेगा जो सुरक्षित हो। वैक्सीन वितरण के चरणों में आगे बढ़ते हुए, प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि यह वैक्सीन उसी निष्पक्षता-केंद्रित पद्धति का उपयोग करते हुए इलिनॉय वासियों तक जल्द-से-जल्द पहुंचाई जाए जिस पद्धति का उपयोग हम संपूर्ण COVID-19 वैश्विक-महामारी के दौरान करते आए हैं। आगे बढ़ते हुए, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इलिनॉय वासी सार्वजनिक स्वास्थ्य सिफ़ारिशों का पालन करते हुए वायरस के प्रसार को तब तक दबाए रखें जब तक व्यापक वितरण के लिए वैक्सीन तैयार न हो जाएं।

CDC सिफारिशें

CDC की प्रतिरक्षीकरण कार्यप्रथाओं की सलाहकार समिति (एडवाइज़री कमेटी ऑन इम्युनाइज़ेशन प्रैक्टिसेज़, ACIP) — जो सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और चिकित्सा पेशेवरों का एक प्रतिष्ठित समूह है — इस बारे में सिफ़ारिशें तैयार करता है कि अमेरिका में रोग के नियंत्रण के लिए वैक्सीन का उपयोग किस प्रकार किया जाए। इसके बाद समिति की सिफ़ारिशों को रोग नियंत्रण केंद्र (सेंटर्स फ़ॉर डिसीज़ कंट्रोल, CDC) द्वारा स्वीकृत किया जाता है।

यह अपेक्षित है कि राष्ट्रीय COVID-19 टीकाकरण कार्यक्रम के शुरुआती महीनों में COVID-19 वैक्सीन (टीके) की मांग उसकी आपूर्ति से कहीं अधिक होगी, और इसे ध्यान में रखते हुए ACIP ने यह सिफ़ारिश की है कि निम्नलिखित प्राथमिकता समूहों – जो संपर्क, रुग्णशीलता और मरणशीलता के सबसे अधिक जोख़िम में हैं – को जनसामान्य से पहले वैक्सीन की शुरुआती खुराकें मिलें:

- **चरण 1A:** स्वास्थ्य देखभाल कार्मिक और दीर्घकालिक देखभाल इकाइयों के निवासी
- **चरण 1B:** 75 वर्ष या इससे अधिक आयु के व्यक्ति और गैर-स्वास्थ्य देखभाल फ्रंटलाइन आवश्यक कर्मी

इलिनॉय की निष्पक्षता-केंद्रित टीकाकरण पद्धति

स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की पहुंच और प्रदायगी में लंबे समय से मौजूद असमानताओं के कारण, अश्वेत अमेरिकी COVID-19 से विषम रूप से प्रभावित हुए हैं, जिसमें मौतों की विषम संख्या शामिल है। इलिनॉय में, COVID-19 के कारण अश्वेत निवासियों की मौत अपेक्षाकृत कम आयु में होने की अधिक संभावना है। जहां COVID-19 के कारण जान गंवाने वाले औसत श्वेत इलिनॉय-वासी की आयु 81 वर्ष है, वहीं अश्वेत इलिनॉय-वासियों के मामले में यह आंकड़ा 72 वर्ष और हिस्पेनिक इलिनॉय-वासियों के मामले में यह आंकड़ा 68 वर्ष है।

इलिनॉय की जनसंख्या की तुलना में COVID-19 के कारण हुई मौतों का आयु एवं नस्ल आधारित विवरण



वैक्सीन वितरण प्राथमिकता

इलिनॉय अपने टीकाकरण कार्यक्रम का स्तर निरंतर बढ़ा रहा है, और ऐसे में राज्यपाल (गवर्नर) प्रिट्ज़कर, डॉ ईज़िक (Ezike), इलिनॉय जन स्वास्थ्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ) और संपूर्ण प्रशासन निष्पक्षता को उसी प्रकार सबसे आगे रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिस प्रकार वे उसे COVID-19 के सारे प्रतिक्रिया प्रयासों के दौरान सबसे आगे रखते आए हैं। ACIP की सिफ़ारिशों को विचार में लेते हुए, इलिनॉय राज्य पात्रता आयु को 10 वर्ष घटा कर यह सुनिश्चित कर रहा है कि वैक्सीन की सुरक्षा समान रूप से सुलभ हो, अतः चरण 1B में 65 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसा करके, इलिनॉय इस बात को मान्यता देते हुए सच्चे अर्थों में निष्पक्ष ढंग से जीवन बचाने के प्रयास कर रहा है कि कई पीढ़ियों से संस्थागत हो चुके नस्लवाद ने देखभाल तक पहुंच घटाई है, पर्यावरणीय और सामाजिक जोख़िम की दरें बढ़ाई हैं, और अश्वेत लोगों की सह-रुग्णशीलताओं (साथ मौजूद या होने वाली बीमारियों) में वृद्धि की है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ इलिनॉय के आंकड़ों के संदर्भ में चरण 1C के लिए संघीय सरकार की सिफ़ारिशों की समीक्षा जारी रखे हुए हैं, और ऐसे में राज्यपाल (गवर्नर) प्रिट्ज़कर और डॉ एज़िक यह सुनिश्चित करेंगे कि इस वैश्विक-महामारी से निकलने की राज्य की योजना उन्हीं संरचनागत असमानताओं पर केंद्रित हो जिनके कारण शुरुआत में COVID-19 को हमारे सबसे कमज़ोर समुदायों पर अपना प्रकोप दिखाने का मौका मिला था।

इलिनॉय में चरण 1A और 1B

चरण 1A

टीकाकरण के पहले चरण में फ्रंटलाइन स्वास्थ्य देखभाल कर्मी और दीर्घकालिक देखभाल इकाइयों के निवासी तथा स्टाफ़ शामिल हैं। इस चरण का लक्ष्य सर्वाधिक संपर्क वाले कर्मियों को रुग्णता और संक्रमण के चक्र से बाहर निकाल कर स्वास्थ्य देखभाल कार्यबल की किलेबंदी करना और हमारे सबसे कमज़ोर निवासियों को सुरक्षा देना है। इलिनॉय के स्वास्थ्य देखभाल कार्यबल और नर्सिंग होम एवं दीर्घकालिक देखभाल इकाइयों के निवासियों और स्टाफ़ के सबसे हालिया मूल्यांकनों के अनुसार इलिनॉय के लगभग 8,50,000 नागरिक चरण 1A के लिए पात्र हैं। स्वास्थ्य देखभाल टीकाकरण 15 दिसंबर, 2020 को शुरू हो गया था, और संघीय सरकार के नर्सिंग होम एवं दीर्घकालिक देखभाल टीकाकरण कार्यक्रम ने अपने शुरुआती टीके 28 दिसंबर, 2020 को लगाए थे। राज्य के आकलन के अनुसार चरण 1A में सभी हितबद्ध निवासियों का आने वाले हफ़्तों में टीकाकरण कर दिया जाएगा।

चरण 1B

इलिनॉय द्वारा चरण 1A में पर्याप्त प्रगति कर लेने और संघीय वैक्सीन आपूर्ति बढ़ जाने पर, चरण 1B में फ्रंटलाइन आवश्यक कर्मियों और 65 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के निवासियों को शामिल कर लिया जाएगा। फ्रंटलाइन आवश्यक कर्मी पदनाम में ऐसे कई निवासी शामिल हैं जो अपने कार्य कर्तव्यों के कारण, अपने घर से कार्य करने में प्रायः असमर्थ होने के कारण, और/या सामाजिक दूरी बनाए रखने में असमर्थ होने के चलते दूसरों के साथ नज़दीकी से कार्य करने की अनिवार्यता के कारण, COVID-19 के संपर्क में आने के अधिक जोख़िम में होते हैं। इसमें प्रथम प्रतिक्रियादाता, शिक्षा, खाद्य एवं कृषि, विनिर्माण, सुधार गृहों के कर्मी एवं निवासी, USPS कर्मी, सार्वजनिक परिवहन कर्मी, किराना दुकानों के कर्मी और आश्रयस्थलों तथा दिवसीय देखभाल केंद्रों के स्टाफ़ शामिल हैं। अश्वेत व्यक्ति COVID-19 के कारण अपेक्षाकृत कम आयु में मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं यह दर्शाने वाले डेटा को देखते हुए बुजुर्ग व्यक्तियों को वैक्सीन तक अधिक निष्पक्षतापूर्ण पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से, इलिनॉय ने ACIP द्वारा अनुशंसित आयु पात्रता को 10 वर्ष घटा कर, 75 से 65 वर्ष कर दिया है। इलिनॉय में ऐसे 13 लाख लोग हैं जो "फ्रंटलाइन आवश्यक कर्मी" की श्रेणी में आते हैं और 65 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के 19 लाख वयस्क हैं, इन दोनों श्रेणियों को मिला कर कुल 32 लाख इलिनॉय वासी पात्र हैं।

टीकाकरण जारी रखने के दौरान संक्रमणों की रोकथाम

जब इलिनॉय वासियों को COVID-19 की वैक्सीन (टीका) लगाई जा रही है और वे अपनी प्रतिरक्षा बढ़ा रहे हैं, तो ऐसे में यह बेहद ज़रूरी है कि निवासी अतिरिक्त संक्रमणों को होने से रोकने की सुरक्षा सावधानियां बरतना जारी रखें। मास्क पहनना, सामाजिक दूरी व्यवहार में लाना और हाथों की स्वच्छता वायरस का प्रसार घटाने की प्रमाणित विधियां हैं और इनसे ज़िंदगियां बचाने में मदद मिल सकती है।

RESTORE ILLINOIS

इलिनॉय में वैक्सीन वितरण की नवीनतम जानकारी के लिए, कृपया IDPH वेबसाइट पर आएं: dph.illinois.gov.

चरण 1A

फ्रंटलाइन स्वास्थ्य देखभाल कर्मी

इलिनॉय में 655,000

दीर्घकालिक देखभाल सुविधा निवासी तथा स्टाफ

इलिनॉय में 110,000

चरण 1B

फ्रंटलाइन आवश्यक कर्मी

इलिनॉय में 1.3 मिलियन

इसमें निम्नलिखित व्यवसाय शामिल हैं पर वे इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- **प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता:** दमकल, विधि प्रवर्तन, 911 कर्मी, सुरक्षा कार्मिक, स्कूल अधिकारी
- **शिक्षा:** अध्यापक, प्रधानाचार्य, विद्यार्थी सहयोग, विद्यार्थी सहायक, दिवसीय देखभाल कर्मी
- **खाद्य और कृषि:** प्रोसेसिंग, प्लांट, पशु स्वास्थ्य, पशुधन सेवाएं, पशु देखभाल

निवासियों की उम्र 65 वर्ष और उससे अधिक

इलिनॉय में 1.9 मिलियन

- **निर्माण:** फुटकर (रिटेल), थोक (होलसेल) या अन्य निर्माताओं को वितरण के लिए वस्तुओं का औद्योगिक उत्पादन
- **सुधार गृहों के कर्मी और निवासी:** जेल अधिकारी, किशोर इकाई स्टाफ़, आमने-सामने सहयोग प्रदान करने वाले कर्मी, निवासी/बंदी
- USPS **कर्मी**
- **सार्वजनिक परिवहन कर्मी:** उड़ान कर्मीदल, बस चालक, ट्रेन परिचालक, टैक्सी चालक, पैरा-ट्रांज़िट चालक, व्यक्तिगत/आमने-सामने का सहयोग, राइड शेयरिंग सेवाएं
- **किराना दुकानों के कर्मी:** बैगर, कैशियर, स्टॉकर, पिक-अप, ग्राहक सेवा
- **आश्रय-स्थलों और दिवसीय देखभाल केंद्रों का स्टाफ़:** बेघर आश्रय, महिला आश्रय, वयस्क दिवसीय/ड्रॉप-इन कार्यक्रम, आश्रयित कार्यशाला, मनो-सामाजिक पुनर्वास